# पीयर रिव्यू वीक 2021 कार्यक्रमों और संपर्क अभियानों के माध्यम से पीयर रिव्यू में पहचान की भूमिका की पड़ताल करता है

इस वर्ष के पीयर रिव्यू वीक में दुनिया भर के 35 से अधिक संगठन भाग ले रहे हैं, और इसमें भाग लेने के लिए अभी भी समय है

इस वर्ष का पीयर रिव्यू वीक (PRW), अकादमिक प्रकाशकों, संस्थानों, संस्थाओं और शोधकर्ताओं के नेतृत्व में एक वार्षिक कार्यक्रम, "पीयर रिव्यू में पहचान" विषय के लिए समर्पित होगा। 20 से 24 सितंबर के सप्ताह के दौरान, भाग लेने वाले संगठन पीयर रिव्यू में व्यक्तिगत और सामाजिक पहचान की भूमिका और विद्वत्तापूर्ण समुदाय द्वारा अधिक विविध, न्यायसंगत और समावेशी पीयर रिव्यू कार्यकलापों को बढ़ावा देने वाले तरीकों पर प्रकाश डालने के लिए वर्चुअल कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करेंगे।

2021 PRW थीम, जिसे पहली बार एक खुले वैश्विक सर्वेक्षण के माध्यम से चुना गया है, के लिए यह उपयुक्त समय है। प्रणालीगत असमानताओं, जिनमें से कई को कोविड-19 महामारी ने बढ़ा दिया है, की प्रतिक्रिया के रूप में हाल के सामाजिक न्याय आंदोलनों ने दुनिया भर में व्यक्तियों और संगठनों को व्यक्तिगत, पेशेवर और सांस्कृतिक पहचान के बीच परस्पर क्रिया के लिए अधिक विवेचनात्मक नज़रिया अपनाने के लिए प्रेरित किया है। शैक्षणिक समुदाय के भीतर, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने पर जोर दिया गया है कि शोध साहित्य विविध आवाज़ों को प्रतिबिंबित करे और बढ़ावा दे — और जिस तरह से हम पीयर रिव्यू करते हैं, वह इसके लिए अत्यावश्यक है।

“यदि पिछले वर्ष ने हमें कुछ सिखाया है, तो मुझे लगता है वो यह कि पहचानों का संयोजन, जो हमें यह बताता है कि हम व्यक्तियों, संगठनों और आबादी के रूप में कौन हैं और उन पहचानों के बीच संबंध को पहचानना विद्वत्ता के भविष्य के लिए और अंततः वैश्विक प्रगति के लिए अत्यावश्यक है। महामारी ने कई गहरी असमानताओं को उजागर किया है, जिनसे हमें समाज के सभी क्षेत्रों में निपटने की आवश्यकता है, और इसमें शैक्षणिक समुदाय कोई अपवाद नहीं है। और मुझे लगता है कि वह व्यक्तिगत और सामाजिक पहचान के विभिन्न पहलुओं को प्रकट करने के साथ शुरू होता है तथा हमें उन प्रणालियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है जिसमें हम विभिन्न पहचानों को स्वीकार करने के लिए और उनके लिए जगह बनाने के लिए काम करते हैं,” स्कोलास्टिका और PRW संचालन समिति की सह- अध्यक्षा डेनिएल पादुला ने कहा।

“पीयर रिव्यू सिर्फ एक प्रक्रिया न होकर उससे कहीं अधिक है। यह एक परिपूर्ण, उन्नतिशील पारिस्थितिकी तंत्र है जो इसमें शामिल प्रत्येक हितधारकों द्वारा निभाई गई अलग-अलग भूमिकाओं के कारण - और इनके बावजूद - समग्र रूप से कार्य करता है। पीयर रिव्यू वीक 2021 खास है। हम न केवल इस वर्ष पीयर रिव्यू का उत्सव मना रहे हैं, बल्कि हम यह भी पड़ताल कर रहे हैं कि इसमें शामिल विभिन्न हितधारक की विशिष्ट पहचानें किस तरह विविधता, अपेक्षाओं, दृष्टिकोणों, अनुभव, ज्ञान और कौशल की अतिरिक्त परतों को जोड़ती हैं। इस बारे में

जागरूकता कि ये अलग-अलग पहचान पीयर रिव्यू को कैसे प्रभावित करती हैं, हमें यह समझने में मदद करेगी कि सहजीवी विद्वता प्रकाशन दुनिया कैसे कार्य करती है और बदलती मांगों के लिए खुद को ढालती है। यह हमें अधिक समावेशी और न्यायसंगत पीयर रिव्यू प्रक्रियाओं के निर्माण में भी मदद करेगी," कैक्टस कम्युनिकेशंस और 2021 PRW संचालन समिति की सह-अध्यक्षा जयश्री राजगोपालन ने कहा।

हम सभी विद्वतापूर्ण और वैज्ञानिक संस्थाओं, सहकर्मी समीक्षकों, शोधकर्ताओं, संपादकों, प्रकाशनों, पुस्तकालयों, विश्वविद्यालयों और वित्त पोषण निकायों तथा सभी ऐसे व्यक्तियों जो कि गुणवत्तापरक अनुसंधानों की बेहतरी में विश्वास रखते हैं, को आमंत्रित करते हैं कि वे इस पीयर रिव्यू वीक के उत्सव के दौरान हमसे जुड़कर इसका अनुभव लें। इन समूहों द्वारा आयोजित गतिविधियों को, जिनमें ब्लॉग लेख, लघु वीडियो, पॉडकास्ट, इन्फोग्राफ़िक्स और अन्य आइटम शामिल हो सकते हैं, इस ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से प्रचार के लिए सबमिट किया जा सकता है।

पीयर रिव्यू वीक 2021 के लिए नवीनतम घोषणाओं को फॉलो करें और #PeerReviewWeek21 तथा #IdentityInPeerReview हैशटैग का उपयोग करके आपके संगठन द्वारा बनाई गई योजना को साझा करें।

## पीयर रिव्यू वीक के बारे में

पीयर रिव्यू वीक एक वैश्विक कार्यक्रम है, जिसे वैज्ञानिक गुणवत्ता को बनाए रखने में पीयर रिव्यू की आवश्यक भूमिका को ध्यान में रखते हुए मनाया जाता है। यह ऐसे सभी व्यक्तियों, संस्थानों और संगठनों को एक साझा मंच प्रदान करता है जिनका यह मानना है कि एक सटीक पीयर रिव्यू फिर चाहे वह किसी भी आकार या रूप में हो, विद्वतापूर्ण संचार के लिए महत्वपूर्ण है। हम कार्यक्रम, वेबिनार, साक्षात्कार और सोशल मीडिया गतिविधियों का आयोजन करते हैं।

## अधिक जानकारी

भाग लेने वाले संगठनों के बारे में जानकारी और PRW 2021 के बारे में अपडेट के लिए कृपया पीयर रिव्यू वीक वेबसाइट देखें।

यदि आप इसमें शामिल होना चाहते हैं, या फिर आप, स्वयं कोई PRW कार्यक्रम या कोई अन्य आयोजन करने के बारे में सोच रहे हैं, तो कृपया डेनिएल पादुला (dpadula@scholasticahq.com) या जयश्री राजगोपालन (jayashreer@cactusglobal.com) से संपर्क करें, जो इस वर्ष की PRW संचालन समिति की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।